तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 4 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 नो इंट्री जोन के बावजूद चौक पर लगता है जाम





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## बना असामाजिक तत्वों का ठिकाना, चोरी, नशा समेत अन्य अवैध गतिविधियां हो रही संचालित , लगाई आग भी

# आखिरकार खडंहर में तब्दील हुआ 13 करोड़ खर्च कर बना ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

13 करोड़ रूपए खर्च कर बनाया गया 750 सीटर ऑडिटोरियम भवन आखिरकार खंडहर में तब्दील हो गया। राशि की कमी के आभाव में भवन की स्थिति जर्जर हो गई जबकि अब यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। असामाजिक तत्व भवन के तार, एल्युमिनियम फ्रेम, लोहे की चोरी करने के साथ ही तोड़फोड़ कर रहे है। इसके साथ ही नशा व अन्य अवैध काम भी किया जा रहा है। इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब भवन में आग लगने की सूचना आई। सूचना के बाद एसडीएम के साथ ही लोनिवि की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद अन्दर का नजारा देखकर अधिकारी भी हैरत में पड़ गए।

**खास बात**

- राशि के अभाव में साढ़े तीन साल से बंद पड़ा है काम

भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2017 में प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के साथ ही संभाग मुख्यालयों में बड़े आयोजनों के उद्देश्य से 750 सीटर ऑडिटोरियम हॉल की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पूर्व में शासन द्वारा 1344.74 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। इस स्वीकृति के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में 13 करोड़ रुपए की लागत से इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ऑडिटोरियम के निर्माण की शुरुआत की थी। इस भवन का निर्माण शुरू होने के बाद बीच में कोरोना काल भी आया लेकिन निर्माण कार्य निरंतर जारी रहे और भवन निर्माण के साथ ही अन्य कार्य पूर्ण हो चुके है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब 750 सीटर ऑडिटोरियम में कुर्सियां लगाने के साथ ही बिजली, फिनिशिंग सहित अन्य कार्य शेष है। सिविल वर्क पूर्ण होने के बाद लगभग लगभग साढ़े तीन साल से निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। इसका मुख्य कारण निर्माण की राशि समाप्त होना है। हालांकि इस प्रोजेक्ट की स्वीकृति भाजपा शासन काल में मिली थी और काम शुरू के बाद वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार आ गई और नई सरकार ने पूर्वर्ती सरकार के प्रोजेक्ट को खास महत्व नहीं दिया यही वजह है कि जबतक विभाग के खाते में राशि बची थी तब तक काम कराया गया लेकिन इसके बाद काम बंद करना पड़ा। अब एक बार फिर से प्रदेश में भाजपा की सत्ता है ऐसे में अधिकारियों में भी इस बंद पड़े प्रोजेक्ट को प्रारम्भ करने की उम्मीद जगी थी लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक भाजपा शासन और जन प्रतिनिधियों का ध्यान अपने अधूरे कामों पर नहीं गया है।



झाड़ियों से ढका खण्डहर में तब्दील होता भवन।



असामाजिक तत्वों द्वारा जलाया गया तार।



की गई तोड़-फोड़ व गंदगी।

### भेजा गया प्रस्ताव लेकिन नहीं मिली स्वीकृत

शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में निर्मित ऑडिटोरियम राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए बना है। तीन फ्लोर में बने इस ऑडिटोरियम में सेंट्रल एसी के साथ ही वीआईपी लाउंज, ग्रीन रूम, दो कैफेटेरिया, सहित अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद है। इसके साथ ही इस भवन में पार्किंग भी दो स्तर में बनाए गए है। बेसमेंट पार्किंग के साथ ही भवन में दूसरे फ्लोर पर भी पार्किंग की सुविधा दी गई है। ऑडिटोरियम निर्माण के लिए शासन से 1344.74 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण शुरू होने के बाद शासन के निर्देश पर इसमें कुछ बदलाव किए गए और डबल लेयर पार्किंग व व्हीआईपी लाउंज को अतिरिक्त रूप से जोड़ दिया गया जिससे निर्माण की लागत में वृद्धि होती गई। वीआईपी लाउंज और अन्य निर्माण कार्यों के कारण इसकी लागत 1814.54 लाख का पुनरीक्षित प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था लेकिन बीच में सरकार बदलने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। ऑडिटोरियम में फॉलसीलिंग, एयरकंडीशनिंग, वुडन फ्लोरिंग, वॉल पेंटिंग, दरवाजे, खिडकियों के साथ ही मुख्य रूप से विद्युतीकरण का कार्य किया जाना शेष है। पूर्व में स्वीकृत राशि में से 10 करोड़ रुपए खर्च हो गए है और दो करोड़ शेष है लेकिन काम को बंद करना पड़ा क्यों कि सबसे पहले सेंट्रल एयरकंडीशनिंग का काम किया जाना है और इस कार्य के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। यही वजह है कि बाद में विभाग को मजबूरन धारा 14-1 के तहत ठेकेदार का अनुबंध भी समाप्त करना पड़ा। अब फिर से विभाग की ओर से 23 करोड़ रुपए का रिवाइज्ड प्रोजेक्ट बनाकर भेजा गया है लेकिन अब तक सरगुजा को अनुमति नहीं मिली जबकि बिलासपुर व जगदलपुर के लंबित ऑडिटोरियम भवन को राशि जारी कर दी गई।

### निकालकर ले गए एल्यूमिनियम स्लाइडिंग

निर्माण कार्य बंद होने के बाद से यह भवन वीरान पड़ा हुआ है और यही वजह है असामाजिक तत्वों ने इसे अपना ठिकाना बना लिया है। नशा खोरी, सहती अन्य अवैध गतिविधियां इस भवन के रात के समय हो रही है। असामाजिक तत्व भवन में की गई वायरिंग के 16 व 12 एमएम के तार को निकाल लिया और जलाकर तांबा निकाल लिया। भवन की खिडकियों में लगाए गए एल्युमिमियम स्लाइडर को निकाल लिया, खिड़की दरवाजों के कांच तोड़ दिए। जगह जगह भवन को नुकसान पहुंचाया गया है। चोरों व असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए तोड़फोड़ से लोक निर्माण विभाग को लाखों का नुकसान हुआ है जबकि भवन भी खंडहर की तरह दिखने लगा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में ठेकेदार के सुरक्षा गार्ड के साथ भी अपराधिक किस्म के लोगों ने मारपीट की थी।

#### आग लगने की सूचना से हुआ खुलासा

750 सीटर ऑडिटोरियम में हुए नुकसान का खुलासा उस वक्त हुआ जब भवन में आग लगने की जानकारी आई। सूचना मिलने के बद दमकल की टीम मौके पर पहुंची वहीं सूचना पर एसडीएम भी घटना स्थल पर आए। अधिकारियों के निर्देश पर भवन के मुख्य गेट का ताला तोड़ा गया और जब अधिकारी अंदर आग बुझाने गए तो अंदर का नजारा देखर हैरान रह गए। असामाजिक तत्वों के तार चोरी कर तांबा निकालने के लिए आग लगाया था और इसी वजह से परिसर से धुंआ निकल रहा था। मौके पर दमकल ने आग बुझाया जबकि एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग को भी इसकी जानकारी दी।

### भेजा गया है प्रस्ताव

राशि के कारण भवन का निर्माण नहीं हो पाया था। फिर से भवन निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है और स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीद है जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी।

-वीरेंद्र कुमार चौधरी
ईई लोनिवि

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम घोषित

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित-2021) वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 30 मार्च को आयोजित किया गया था। उक्त परीक्षा का परीक्षा परिणाम 30 जुलाई को घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अंबिकापुर के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट पर देख सकते है। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम में आपत्ति होने पर परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा परिणाम से संबंधित दावा आपत्ति 4 अगस्त को समय सायं 3 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति/अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### सांप काटने से भाई-बहन की मौत, क्षेत्र में शोक

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के मितगई में सर्पदंश से मासूम भाई बहन की मौत हो गई। सांप काटने से गंभीर बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है की रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम मितगई सेमराटोला निवासी सरवन आयाम की पुत्री 14 वर्षीया सोनिया व 8 वर्षीय पुत्र रामसाय शनिवार की रात खाना खाकर सो गए गए थे। बच्चे जमीन पर सो रहे थे और रात लगभग 3 बजे सोनिया के गला व रामसाय के हाथ में जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने के बाद बच्चे रोने लगे जिसके बाद उन्हें आनन फानन में परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन पहले ट्रैक्टर से बच्चों को लेकर परसाटोला तक पहुचे और उसके बाद ऑटो की मदद से से अस्पताल में लाया गया लेकिन बच्चों को लेकर अस्पताल पहुँचने में देर हो गई। सुबह 6 बजे बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दो मासूम बच्चों की मौत से परिजन सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### सड़क पर बेतरतीब खड़े ट्रक के पीछे टकराई बाइक, सवार घायल

**अम्बिकापुर।** ग्राम सेमरा झकमक नाला के समीप सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक के पीछे बाइक सवार टकरा गए। गनीमत था कि बाइक धीमे होने से सवार घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम सरईडीह निवासी पुष्पेंद्र टोप्पो आ. रामाशंकर टोप्पो (29 वर्ष) गत दिन मौसेरा भाई अजीत खलखो के साथ बाइक से कुसमी काम करने आए थे। काम करने के पश्चात शाम को दोनों बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 7057 से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सेमरा झकमक नाला के समीप पहुंचे तभी सड़क पर गलत तरीके से खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 3624 के पीछे टकरा गए। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। इधर घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक के चालक के विरूद्ध धारा 285 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दी 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग छात्रा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और फिर उसका अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर धमकी देने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी युवक को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 12 वीं में पढने वाली छात्रा 22 जनवरी 2022 को अपनी सहेली की शादी में ग्राम लब्जी गई हुई थी इस दौरान उसकी पहचान लब्जी बैगापारा निवासी 24 वर्षीय संजू लकडा आ. सोनसाय लकडा से हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत होने लगी और आरोपी ने नाबालिग से शादी करने का वादा करने अलगा। इस दौरान युवक ने छात्रा को मिलने के लिए बतौली में बुलाया था। युवती जब संजू लकडा से मिलने गई तो वह उसे अपने साथ लब्जी स्थित घर में ले गया जहां कोई नहीं था। इस दौरान आरोपी ने नाबालिग को शादी करने की बात करते हुए दुष्कर्म किया और उसका वीडियो फोटो बना लिया। दुष्कर्म कर वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद आरोपी नाबालिग को ब्लैकमेल करने लगा और वीडियो फोटो वायरल ⏭ शेष पेज 4 पर

### दामाद ने ससुर को जलाया जिंदा, कोर्ट ने दी आजीवन कारावास की सजा

दामाद को जिन्दा जलाकर उसकी हत्या करने वाले युवक को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी युवक घर जमाई बनकर ससुराल में रह रहा था और शाम को शराब पीने के बाद उसने अपने ही ससुर के कपड़े पर माचिस मारकर आग लगा दिया था। इस मामले की सुनवाई चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार दुबे के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी को सजा दी है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लुंड्रा अंतर्गत ग्राम दोरना निवासी दसरू कोरवा उर्फ केरे का दामाद उरदरा निवासी धनसाय कोरवा पत्नी के साथ तीन महीने से घर जमाई बनकर रह रहा था। इसी बीच दसरू कोरवा को शासकीय आवास के लिए राशि मिली थी जिसके बाद दामाद की नीयत बिगड़ गई। आरोपी धनसाय कोरवा शराब पीने के लिए पैसा मांगता है और उसे घर से निकाल दिया था। इसके साथ ही 4 दिसम्बर 2024 को जब वह बेटी इतवारिया व दामाद धनसाय के साथ शराब पी रहा था। जब ग्रामीण की पुत्री किसी काम से अन्दर गई तो आरोपी धनसाय ने बुजुर्ग पर माचिस मारकार उसे आग के हवाले कर दिया। आग से दशरू बुरी तरह से जल गया था। ग्रामीण को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसका मरणासन बयान भी लिया गया था जिसमें ग्रामीण ने अपने दामाद द्वारा जलाए जाने की बात कही गई। 7 दिसम्बर 2024 को दशरू कोरवा की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस मामले की सुनवाई चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार दुबे के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद दुबे ने पैरवी की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी लुंड्रा के उरदरा बगीचापारा निवासी धनसाय कोरवा आ. फूलसाय कोरवा को दोषी मानते हुए बीएनएस की धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास, 5 सौ रुपए अर्थदंड व राशि जमा नहीं करने पर 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा दी है।

# पुलिस ने कबाड़ गोदामों में दी दबिश, दस्तावेज और रजिस्टर का किया गया मिलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- नियमों की अवहेलना पर दी गई कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

शहर में लगातार हो रही चोरियों और चोरी का सामान, वाहन कबाड़ गोदाम में खपाए जाने को लेकर पुलिस सख्त हो गई है।


पुलिस ने कबाड़ व्यवसाय से जुड़े लोगों को सख्त हिदायत दी है कि बिना पहचान और रिकार्ड के कोई भी सामना नहीं खरीदा जाए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि हाल ही में शहर में एम्बुलेंस और महतारी 102 वाहन की चोरी कर कबाड़ व्यवसायी को बेचने का मामला सामने आया था। इस मामले में कबाड़ व्यवसायी अब भी फरार है। इस बीच एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कबाड़ दुकानों में चोरी का सामान खरीद-फरोख्त करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में रविवार को कोतवाली, गांधीनगर व मणिपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने विभिन्न कबाड़ गोदामों में दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने कबाड़ गोदामों में सघन जांच कर रखे हुए सामानों का मिलान किया, दुकानदारों के लाइसेंस, रजिस्टर व खरीदी गई वस्तुओं एवं ग्राहकों के दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान कबाड़ व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी सामग्री बिना पहचान और रिकार्ड के ना खरीदी जाए। तार, मोटर पंप, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कॉपर, मूर्तियां आदि के संबंध में रजिस्टर संधारित करने व बेचने वालों के दस्तावेज रखे जाए। नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, थाना प्रभारी मणीपुर अश्वनी सिंह आदि सक्रिय रहे।



# धरमपुर क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण भयभीत, धान की फसल को पहुंचाया नुकसान

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर,सर्किल के धरमपुर जंगल मे तीन सदस्यीय हाथी दल के होने से क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत है। हालांकि वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा हाथी की निगरानी की जा रही है। गत दिन धरमपुर के यादव पारा में हाथियों ने खेत में लगी धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया।

प्रतापपुर क्षेत्र के धरमपुर जंगल में पिछले कई दिनों से तीन सदस्यीय हाथी डटे हुए है। हाथी जंगल के आसपास ही विचरण कर पुनः जंगल में चले जाते है। गत दिन हाथी धरमपुर के यादव पारा में



पहुंच गए जहां खेतों में लगी धान की फसल को रौंद काफी नुकसान पहुंचाया। जिसके बाद धरमपुर के जंगल में प्रवेश कर विचरण कर रहे हैं। हाथियों का जाने की संभावना धरमपुर, मदननगर, गणेशपुर, दलदली क्षेत्रों पर हो सकता हैं। इधर वन विभाग की टीम ने हाथियों ने दूरी बनाए रखने तथा छेड़छाड़ नहीं करने ग्रामीणों से कहा है साथ ही अंबिकापुर से प्रतापपुर धरमपुर मेन रोड में सावधानीपूर्वक जाने और सतर्क रहने कहा है। बताया जा रहा है कि जंगल के रास्ते राजपुर सड़क मार्ग पर हाथियों को देखा गया है।



# 1 लाख 20 हजार रुपए के नशीले इंजेक्शन समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस को देखभर भाग रहे थे युवक, दौड़ाकर पकड़ा

**अंबिकापुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने फिर से सफलता हासिल की है। पुलिस ने 120 नग नशीला इंजेक्शन के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे का सामान लेकर ग्राहक की तलाश में घूम रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से कुल 1 लाख 20 हजार रुपए का नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि 3 अगस्त को गांधीनगर पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान एफसीआई गोदाम के समीप बाइक सवार तीन युवक पुलिस को देखते ही तेजी से गाड़ी चलाने लगे। बाइक सवार युवकों के पास झोला रखा हुआ था। ऐसे में पुलिस ने पीछा कर संदेही युवकों को रोका तो उनकी पहचान सूरजपुर जिले के बसदेई सिरसी निवासी 30 वर्षीय अनिल कुमार बंजारे आ. चिंतामणि, 30 वर्षीय मुजाहिद हुसैन आ. साकिर हुसैन व 25 वर्षीय गंगाराम नायक आ. हीरालाल नायक के रूप में की गई। युवकों के पास मौजूद झोलों की तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 120 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। बरामद किए गए इंजेक्शन की कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ 22 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त किया गया है।

## हैदराबाद से आई विशेषज्ञ चिकित्सक ने की स्क्रीनिंग

# दो दिनों की जांच में बलरामपुर में मिली बच्चेदानी व ब्रेस्ट कैंसर की 10 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिला अस्पताल में दो दिवसीय कैंसर जांच शिविर में बड़ी संख्या में स्तन व ग्रीवा कैंसर जांच के मरीज सामने आए है। हैदरबाद से आई विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा की गई जांच के दौरान महिलाओं में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही कई महिलाओं में कैंसर के संभावित और शुरुआती लक्षण भी मिले है। बता दें कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा व जिपं सीईओ श्रीमती नयन तारा सिंह तोमर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर उपचार की दिशा में संवेदनशील और दूरदर्शी पहल करते हुए दो दिवसीय निःशुल्क स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि शिविर में हैदराबाद से प्रतिष्ठित कैंसर विशेषज्ञ डॉ. एम. अर्पणा स्क्रीनिंग करने पहुंची। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अपर्णा ने महिलाओं की स्क्रीनिंग की। दो दिवसीय शिविर में कुल 180 महिलाओं की जांच की गई। जांच के दौरान बच्चेदानी में इन्फेक्शन के 15, प्री मैलिग्नेंट (संभावित) के 30, बच्चेदानी में कैंसर के 6, वीआईए पॉजिटिव के 15, ब्रेस्ट कैंसर के 4, गर्भाशय में पोलिप के 6 केस मिले है।उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में पदस्थ गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. शुभम मित्रा के सहयोग से पहले दिन बलरामपुर, कुसमी एवं राजपुर विकासखंडों से आई महिलाओं की जांच की गई, जबकि दूसरे दिवस शंकरगढ़, रामानुजगंज एवं वाड्रफनगर विकासखंड की महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई। सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि शिविर से जिले में महिलाओं के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समय रहते गंभीर रोगों का उपचार संभव होगा।



## खबर संक्षेप

### तत्कालीन सीईओ पन्ना समेत पांच सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के फ्रंट लाइन वर्करों को उनके विशेष उपलब्धि पर सम्मान मिला। इनमें श्रीमती मंजू गुप्ता सहायक नर्स को गर्भवती माताओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यो को करने, श्रीमती सोनामती कुशवाहा मितानिन हर्रापारा ग्राम पंचायत टेंगनी को अपने दिए दायित्वों को समय पर बखूबी करने, श्रीमती फूलमती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र बेसरझरिया को आंबा केन्द्र निर्धारित समय पर संचालित करने बच्चों को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा देने समय से सभी पंजीकृत महिलाओं को पोषण आहार देने, एलेक्जेंडर पन्ना तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर को संपूर्ण स्वच्छता अभियान के सूचकांकों को ब्लाक स्तर पर सुचारू संचालन क्रियान्वयन के लिए,डॉ.इरशाद खान एबीपीफेलो जनपद पंचायत बैकुंठपुर को आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता के सूचकांकों को शत-प्रतिशत संतुष्टि प्राप्त कराने के लिए के लिए पुरूस्कृत किया गया।

### महान साहित्यकारों को दी गई श्रद्धांजलि

**मनेन्द्रगढ़।** साहित्य जगत की दो महान विभूतियों गोस्वामी तुलसीदास और मुशी प्रेमचंद की जयंती पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा विभाग मनेन्द्रगढ़ में एक भव्य साहित्यिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा के साथ इन दोनों महापुरूषों को स्मरण किया और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तृत से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से श्रीमती अर्चना वैष्णव, राजीव सोनी, टी. विजय गोपाल राव, रामरक्षा द्विवेदी, जसवंत डहरिया, श्रीमती अंजली सिंह एवं श्रीमती कंचन त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह ने गोस्वामी तुलसीदास की साहित्यिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास न केवल एक कवि थे, बल्कि भारतीय समाज की आध्यात्मिक चेतना के मार्गदर्शक भी थे। रामचरित मानस के माध्यम से उन्होंने धर्म, भक्ति, मर्यादा और नैतिकता को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे तुलसीदास जैसे संत कवियों के आदर्शों को आत्मसात करें।

**राजनीति और सामाजिक बदलाव की यात्रा** | चुनाव से लेकर प्रश्न पत्र तक सोनू किन्नर का संघर्ष और सेवा बनीं समावेशी समाज की मिसाल

# परीक्षा के पन्नों तक पहुंची पहचानः ट्रांसजेंडर सरपंच सोनू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग की राजनीति और सामाजिक बदलाव की यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ चुका है। समाज के हाशिए पर खड़े माने जाने वाले ट्रांसजेंडर समुदाय की प्रतिनिधि सोनू किन्नर अब शिक्षा व्यवस्था में भी प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

शनिवार को आयोजित प्रयोगशाला परिचालक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न ने इस ऐतिहासिक बदलाव को सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लिया।

### सामाजिक रूढ़ियों के विरूद्ध संघर्ष

सोनू किन्नर का सरपंच बनना केवल चुनावी जीत नहीं था, यह सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने वाली एक सशक्त क्रांति थी। उन्होंने अपने नेतृत्व में गांव में भ्रष्टाचार पर अंकुलश लगाने, स्वच्छता अभियान चलाने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और पारदर्शी प्रशासनिक कार्य संस्कृति को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली इतनी प्रभावशाली रही कि उन्हें समाज के सभी वर्गों से भरपूर समर्थन और सम्मान प्राप्त हुआ।



सरकारी प्रश्न पत्र में पूछा गया कि छग की पहली किन्नर सरपंच कौन हैं,इसका सही उत्तर था सोनू किन्नर, जो एमसीबी जिले के चनवारीडांड ग्राम पंचायत से निर्वाचित सरपंच है, इससे यह स्पष्ट हो गया कि समावेशिता अब सिर्फ सामाजिक मंच तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक सोच का भी अहम हिस्सा बन चुकी है। परीक्षा में एक अन्य प्रश्न ने सोनू किन्नर के सरपंच कार्यकाल को रेखांकित किया। इसमें पूछा गया कि किस ट्रांसजेंडर सरपंच ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। उत्तर फिर से था सोनू किन्नर। यह सवाल न केवल उनके कार्यों को रेखांकित करता है, बल्कि समाज की बदलती मानसिकता को भी दर्शाता है।

### सोनू बनीं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा

सोनू किन्नर का नाम सरकारी परीक्षा के प्रश्न पत्रों में आना यह दर्शाता है कि उनका संघर्ष और सेवा भाव आने वाली पीढ़यों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। अब यह बदलाव केवल योजनाओं और घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, चयन प्रक्रिया और सामाजिक चेतना तक पहुंच गया है।

### किन्नर समुदाय को मिली नई पहचान और स्वाभिमान

सोनू किन्नर की सफलता सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय की सामूहिक विजय है। वर्षों तक केवल मांगने या मनोरंजन के दायरे में सीमित माने गए, इस समुदाय को अब नेतृत्व, प्रशासन और विकास में भागीदारी का अधिकार मिल रहा है। उनके चुनाव और अब परीक्षा में उल्लेख ने इस समुदाय के लिए एक नई दिशा और पहचान बनाई है।

**चिरमिरी चौक का हाल:** त्यौहारी सीजन में और बढ़ेगा ट्रैफिक दबाव

# नो इंट्री जोन के बावजूद चौक पर लगता है जाम



शनिवार को चिरमिरी चौक में जाम ट्रैफिक।



जाम में फंसकर लोग होते रहे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

त्यौहारी सीजन की शुरूआत हो गई और शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था चरमाने लगी है।

शहरी क्षेत्र में यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण इन दिनों चौक-चौराहों पर यातायात जाम की स्थिति बनती रहती है। अक्सर अपरान्ह के बाद शहर के चौक-चौराहों में यातायात व्यवस्था बिगड़ती रहती है, इसके चलते वाहन चालकों को जाम में परेशान होना पड़ता है। इसी तरह का हाल शहर में शनिवार को सायं 7 बजे चिरमिरी चौक पर देखने को मिला, जबकि शनिवार को शहर का व्यापार बंद रहता है, इसके बावजूद चिरमिरी चौक पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही, तब यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े को भी सड़क पर उतरना पड़ा, इसके कुछ देर बाद जाम को हटाया गया और यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका। उल्लेखनीय है कि शहर के चिरमिरी चौक संकरा चौक है, इस चौर पर बड़ी वाहनों के आवाजाही के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इस चौक पर चारों ओर से आवाजाही होती है, लेकिन जब किसी ओर से बड़ी वाहनों का आना-जाना होता है तो किसी भी ओर के यातायात को नहीं रोका जाता, इसके चलते कई बार महलपारा की ओर से आने वाली एवं दूसरी ओर से आने वाली बड़ी वाहनों के कारण यातायात जाम की स्थिति बनती है।

शनिवार को महलपारा की ओर से एक वाहन मनेन्द्रगढ़ की ओर मुड रही थी और इसी दौरान मनेन्द्रगढ़ की ओर से एक वाहन चौक के समीप आ गई, जबकि चौक पर छोटे चार पहिया वाहन दोनों ओर आ जाने के कारण बड़ी वाहनों को टर्न करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाने की वजह से बड़ी वाहन आगे नहीं बढ़ पा रही थी, इसके चलते कुमार चौक से लेकर भाजपा कार्यालय तक वाहनों की कतार लग गई थी, वहीं महलपारा मार्ग पर भी लंबी कतारे लगी रही। जाम की स्थिति को हटाने के लिए यातायाता पुलिस कर्मियों के अलावा यातायाता प्रभारी सड़क पर उतरे और कुछ देर की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हो सका। विदित हो कि चिरमिरी चौक पर अक्सर जाम की स्थिति बनती रहती है।

### संकरी चिरमिरी चौक पर विशेष ध्यान

शहर के चिरमिरी चौक पर सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनती है। अक्सर अपरान्ह के पश्चात एवं शाम ढलने के बाद जाम सामान्य दिनों के साथ बाजार दिवस बनती है, ऐसे में यातायात पुलिस को महलपारा चिरमिरी चौक व उसके आस पास के क्षेत्रों में विशेष रूप से यातायात ध्यान देने की जरूरत है। जब भी उक्त चौक पर महलपारा की ओर जाने एवं महलपारा के तरफ से बड़ी वाहन आती है तो उसके पूर्व ही बड़ी वाहनों के आवाजाही के लिए स्थान दिलाने की जरूरत होगी, अन्यथा जाम की स्थिति बन जाती है।

### त्यौहारी सीजन में बढ़ जाती है परेशानी

त्योहार का सीजन शुरू हो गया है, इसके चलते शहर के बाजार में भीड़-भाड़ बढ़ने लगी है, ऐसे समय में शहर के प्रमुख जगहों पर अक्सर जाम की स्थिति बनती रहती है, इसके चलते वाहन चालकों के साथ आम लोगों को जाम के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यातायात पुलिस को चाहिए कि शहर क्षेत्र में खासकर भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों के अलावा चिरमिरी चौक पर यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त व्यवस्था बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, ताकि त्यौहारी सीजन में जगह-जगह जाम की स्थिति न बने और इसके चलते आम लोगों को परेशान न होना पडे।

### नो इंट्री अवधि में भी शहर प्रवेश

कोरिया पुलिस द्वारा प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक किसी भी क्षेत्र से शहर सीमा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है, इसके लिए चेर, खरवत चौक भाड़ी में भारी वाहनों के उक्त अवधि में प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के सूचना बोर्ड लगे हुए हैं बावजूद इसके प्रतिबंधित अवधि में कई दिन बड़ी वाहने शहर क्षेत्र में दौड़ती नजर आती है। शनिवार को चिरमिरी चौक में जाम के दौरान महलपारा मार्ग की ओर से तथा एक मनेन्द्रगढ़ की ओर से ट्रक चौक पर पहुंची थी, जबकि उस दौरान रात्रि 7 ही बजे थे, जबकि रात्रि 8 बजे तक बड़े वाहनों के शहर क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने की जरूरत है।



गिरफ्तार आरोपी।

# पुलिस बनकर दो फर्जी आरोपी कर रहे थे वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- क्रेटा कार से कटघोरा पहुंचे थे ठग, 1000 रूपए की वसूली के बाद भागे

पुलिस बनकर लोगों से वसूली करने वाले दो फर्जी आरोपियों को बैकुंठपुर पुलिस ने सराहनीय तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना बांगों में दर्ज एक ठगी प्रकरण के तहत की गई, इसमें आरोपियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति से 1000 की ठगी की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कटघोरा (कोरबा) निवासी जतिन साहू ने थाना बांगों में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने मकान की ढलाई के लिए ट्रैक्टर और मिक्सचर मशीन लेकर पोड़ी उपरोड़ा आया था। 31 जुलाई की शाम लगभग 4:30 बजे, एक क्रेटा कार सीजी 16 सीटी 0427 में सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आए और खुद को पुलिसकर्मी बताकर दस्तावेजों की जांच के नाम पर धमकाने लगे। उन्होंने चालान की धमकी देकर 600 फोन पे के माध्यम से और 400 नकद कुल 1000 ले लिए और मौके से फरार हो गए। प्रकरण की सूचना मिलते ही बैकुंठपुर कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, निरीक्षक विपिन लकड़ा के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में प्रधान आरक्षक दीपक पांडेय, आरक्षक महेन्द्रपुरी, आरक्षक अमरेशानंद (साइबर सेल) और चालक भगवान दास शामिल रहे। सूचना के आधार पर भॉड़ी चौक के पास घेराबंदी कर उक्त वाहन को पकड़ लिया गया।

# न्यायालय परिसर की टूटी बाउंड्री से अव्यवस्था

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के महत्वपूर्ण प्रशासनिक क्षेत्र में स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर के पीछे की बाउंड्री वॉल बीते कई दिनों पूर्व अचानक टूटकर सड़क पर गिर गई, इससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई है। इसके साथ ही गिरा हुआ मलबा समीपस्थ नाली में जाकर जमा हो गया, इससे नाली का बहाव रूक गया है और गंदा पानी सड़कों पर फैलने लगा है।

इस स्थिति से रोजमर्रा के राहगीर, विशेषकर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर बहता गंदा पानी स्वास्थ्य संकट की आशंका भी बढ़ा रहा है। बाउंड्री वॉल से शुरू हुई यह समस्या अब अग्रसेन भवन परिसर तक पहुंच गई है। नाली का गंदा पानी भवन केसामने तालाब जैसी स्थिति बना चुका है, जिससे भवन में आयोजित होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों पर असर पड़ने लगा है। अग्रसेन भवन समिति ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि मेहमानों को कीचड़ व गंदगी में चलकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना पड़ता है, इससे आयोजकों की भी सामाजिक छवि प्रभावित हो रही है। समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया है कि गिर चुकी बाउंड्री वॉल को जल्द से जल्द हटाया जाए, नाली की सफाई कर बहाव बहाल किया जाए, सड़क पर जमा गंदगी को हटाकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अग्रसेन भवन के सामने जलभराव की स्थिति का स्थायी समाधान निकाला जाए।

# चौथा सावन सोमवारः सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन आज



**बैकुण्ठपुर।** सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पूजन और रूद्राभिषेक देवरहा बाबा सेवा समिति के द्वारा पवित्र सावन मास के चतुर्थ सोमवार 4 जुलाई को देवरहा बाबा सेवा समिति प्रेमाबाग बैकुंठपुर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और रूद्राभिषेक किया जाएगा। इसमें चित्रकूट धाम से आए आचार्य सुरेशानंद जी महाराज जी के मंत्रों के साथ किया जाना है। सावन के पवित्र मास पर समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि प्रत्येक सावन सोमवार को अखंड रामायण और भोग भंडारा की सेवा एवं बीते तीसरे सोमवार को भव्य कावर यात्रा बेलो की बगिया छुरीगढ़ के लिए निकाला गया। इसमें काफी संख्या में लोगों के द्वारा जल भरकर जलाभिषेक किया गया। इसीक्रम में चौथे और सावन के अंतिम सोमवार को मंदिर प्रांगड़ में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और रूद्राभिषेक का कार्यक्रम किया गया है, जो निरंतर कई वर्षों से किया जा रहा है। समिति के द्वारा सोशल मीडिया और पोस्टर बैनर के माध्यम से भी लोगों को इस कार्यक्रम में आने का आह्वान किया गया है।

### विशेष जलाभिषेक आज



**मनेन्द्रगढ़।** अनवरत हनुमान चालीसा समिति द्वारा परंपरा अनुसार इस वर्ष भी सावन के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का विशेष पूजन व जलाभिषेक किया गया। अब सावन के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को विशेष जिला स्तरीय जलाभिषेक की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि सोनकर ने जानकारी दी कि सोमवार को प्रातः 5:30 बजे से सिद्धार्थ महिलाएं श्री विजय हनुमान टेकरी में एकत्रित होंगी। यहां से सभी श्रद्धालु महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए लोटे में जल भरकर पदयात्रा द्वारा चैनपुर स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगी और शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगी। यह पावन अवसर शिवभक्तों के लिए पुण्य संचय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरने वाला है। सभी श्रद्धालु महिलाओं एवं क्षेत्र के धार्मिकजन से काफी संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

### 4 केन्द्रों में प्रयोगशाला परिचारक बनने 1406 ने दी परीक्षा

**बैकुंठपुर।** रविवार को व्यापम द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा शहर के चार परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार उक्त भर्ती परीक्षा में कुल 1592 परीक्षार्थी पंजीकृत थे ,इनमें 1406 ने परीक्षा दी और 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार प्रयोशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र शासकीय डॉ.रामचंद्र सिंहदेव पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में कुल पंजीकृत 480 में 429 उपस्थित रहे तथा 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 480 में 416 उपस्थित तथा 64 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में पंजीकृत 480 में 431 उपस्थित तथा 49 अनुपस्थित रहे। इसी तरह परीक्षा केन्द्र शासकीय नवीन गर्ल्स कॉलेज बैकुंठपुर में पंजीकृत 152 में 130 उपस्थित एवं 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शहर के सभी परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कर ली गई। उक्त परीक्षा के लिए निर्धारित केन्द्रों परीक्षार्थियों का विशेष जांच के उपरांत प्रवेश दिया गया।

# जनकपुर में कोरेक्स बना नशे का जहर

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के सीमावर्ती एवं वनांचल क्षेत्र जनकपुर में इन दिनों कोरेक्स सिरफ नशे के रूप में युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। सामान्यतः खांसी की दवा के रूप में उपयोग होने वाला यह सिरप अब यहां नशे का साधन बन गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि 13-14 साल के किशोर भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। जनकपुर निवासी मोहन (परिवर्तित नाम), उम्र 18 वर्ष, अब नशे का शिकार हो चुका है। उसने बताया कि पहले दोस्तों के कहने पर एक-दो बार कोरेक्स पी, फिर आदत बन गई। अब दिन में एक बोतल नहीं मिले तो चक्कर, उल्टी और बेचैनी होने लगती है। पढ़ाई छूट गई, घरवाले परेशान हैं, लेकिन अब छुड़ाना आसान नहीं।

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 3 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया,PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 03 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
Health Insurance & TPA
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 27 जुलाई 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश अग्रवाल
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.भाविक शाह
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ , पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण स्तरीय अंतर जिला सरगुजा कप फुटबॉल प्रतियोगिता 20 से

**सीतापुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को उभारने ग्राम धरमपुर में ग्रामीण स्तरीय अंतरजिला सरगुजा कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है।



इस प्रतियोगिता का आयोजन चर्च ग्राउंड पटेलपारा में गांव के युवाओं द्वारा समिति बनाकर किया जा रहा है। अंतरजिला स्तरीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 अगस्त एवं समापन 31 अगस्त को किया जाएगा। प्रतियोगिता में सरगुजा, जशपुर, रायगढ़ समेत अन्य पड़ोसी जिले की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में पहला इनाम 30 हजार रुपए, दूसरा 20 हजार, तीसरा एवं चौथा इनाम 5-5 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा पांचवे, छठवे, सातवे, एवं आठवे, इनाम के रूप में 2-2 हजार रूपए की राशि रखी गई है। प्रतियोगिता में बेस्ट स्ट्राइकर, बेस्ट कीपर, बेस्ट गोल ऑफ टूर्नामेंट समेत खिलाड़ी एवं दर्शकों के लिए समिति द्वारा अन्य आकर्षक इनाम भी रखे गए है। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक निर्धारित की गई है।

### सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए विधायक शकुंतला पोर्ते सम्मानित

**प्रतापपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान 2024–25 में समर्पित योगदान देने वाले नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सम्मान में उत्कृष्ट



सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुआ। इस समारोह में संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और अद्वितीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ भर से चयनित कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतापपुर विधानसभा विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते को सदस्यता अभियान में उल्लेखनीय कार्य के लिए उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव एवं संगठन के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रदान किया गया। विधायक श्रीमती पोर्ते ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन निष्ठा का प्रतिफल है। हम सभी मिलकर भाजपा को प्रतापपुर में और अधिक मजबूत बनाएंगे।

### संभागीय अग्रवाल महासभा के सचिव बने पीतांबर

**सीतापुर।** सामाजिक कार्यकर्ता पीतांबर अग्रवाल उर्फ फिरु को संभागीय अग्रवाल



समाज का सचिव बनाया गया है। उनकी नियुक्ति समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका को लेकर की गई है। संभागीय अध्यक्ष के द्वारा सचिव पद पर उनकी नियुक्ति से स्थानीय अग्रवाल समाज में हर्ष व्याप्त है।

### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** खेत गए ग्रामीण करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पर्री निवासी राधे श्याम राजवाड़े आ.बैगा राम (32 वर्ष) गत दिन शाम को खेत में पंप से सिंचाई कर तार को उतार कर घर आ गया था। आज सुबह विद्युत तार को किसी ने जोड़ दिया था। इधर जब राधे श्याम खेत पहुंचा तो पंप के तार को जैसे पकड़ा तो करंट की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कुंदी बांध डुबान क्षेत्र में करगीडीह का प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल

# बरसात के तीन माह स्कूल में जड़ा रहता है ताला जुगाड़ के इंदिरा आवास भवन में होता है संचालित



लबालब लुण्ड्रा क्षेत्र का कुंदी बांध।



बंद स्कूल, परिसर में की गई धान की खेती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और पढ़ाई कर अपने साथ परिवार के साथ सहित गांव व जिले का नाम रौशन करे इसे लेकर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों की पढ़ाई में रूचि बढ़े इसके लिए शासन-शासन द्वारा बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराती है। प्रशासन द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करगीडीह जहां प्राथमिक व माध्यमिक शाला स्कूल और भवन है लेकिन बरसात के तीन माह तक स्कूल में ताला जड़ा रहता है और स्कूल का संचालन जुगाड़ से संचालित होता है। स्कूल भवन में ताला जड़ने का कारण स्कूल भवन के जर्जर नहीं बल्कि बांध के डुबान क्षेत्र में होने से होता है। इस बीच बच्चों सहित शिक्षकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बच्चे किसी दूसरे भवन में अध्ययन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- स्वीकृति के बाद भी दूसरे जगह नहीं हो सका भवन निर्माण

विकासखंड लुंड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करगीडीह में भी अन्य पंचायत की तरह बच्चों की शिक्षा के लिए माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के अलावा आंगनबाड़ी का संचालन स्वयं के भवन में संचालित है। ग्राम पंचायत करगीडी में जहां पर स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण कराया गया है वह कुंदी बांध के किनारे संचालित है। डुबान क्षेत्र होने के कारण हर साल बरसात के मौसम में लगभग तीन माह तक स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन में के बांध के पानी भर जाने के कारण तीन माह तक भवन में ताला जड़ किसी दूसरे भवन में स्कूल व आंगनबाड़ी का संचालन किया जाता है। ऐसे में स्कूल में अध्ययनरत बच्चो व शिक्षकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि बरसात के बाद पुनः स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन बांध के डुबान क्षेत्र स्थित स्कूल व आंगनबाड़ी भवन में संचालित होता है। हैरानी की बात तो यह है कि पिछले कई साल से इस तरह की समस्या बरकरार है बावजूद इसके आज तक समस्या के निदान के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिससे स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों को न सिर्फ कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि जुगाड़ में संचालित अन्य भवनों में पढ़ाई करने को मजबूर है। इस वर्ष भी लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कुंदी बांध लबालब है जिससे स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भवन में पानी भर जाने से स्कूल भवनों में ताला जड़ पास के ही पहाड़ स्थित इंदिरा आवास भवन में स्कूल का संचालन किया जा रहा है।

### बच्चों को होती है परेशानी

ग्राम करगीडी स्थित प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल में पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को ठंड व गर्मी के मौसम में स्कूल भवन में ही विद्यालय संचालन होने से पढ़ाई के लिए ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। लेकिन बरसात के मौसम शुरू होती है काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूल भवन बांध के डूबान क्षेत्र में होने तथा स्कूल भवन में पानी भर जाने से स्कूल का संचालन किसी दूसरे भवन में तीन माह तक किया जाता है। इस वर्ष भी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल का संचालन पहाड़ स्थित इंदिरा आवास के एक कमरे में संचालित है। ऐसे में बच्चों को न सिर्फ बैठने बल्कि पढ़ाई करने तथा आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

#### डूबान क्षेत्र से प्रभावित है पांच गांव

कुंदी बांध के डूबान क्षेत्र में आसपास के पांच गांव प्रभावित है। जिसमें करगीडीह, चलगली, ऊपर पोड़ी, खाल पोड़ी व बकना कला गांव के कुछ हिस्से शामिल है। डूबान क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों की भूमि डूबान क्षेत्र में आने से शासन द्वारा मुआवजा राशि प्रदान की गई है। लेकिन कई प्रभावित ग्रामीण ऐसे है जिन्हें आज तक भूमि के एवज में मुआवजा राशि नहीं मिली है।

#### स्कूल परिसर में करते हैं खेती

कुंदी बांध का निर्माण साल 2017 में पूर्ण हो गया था। चलगली नदी को बांध कर बनाए गए बांध से कई गांव प्रभावित हुए जिसमें ग्राम करगीडीह भी शामिल है। बांध निर्माण पूर्ण होने के बाद डूबार क्षेत्र स्थित प्राथमिक, माध्यमिक व आंगनबाड़ी केन्द्र भवन डूबान क्षेत्र में आ गए। ऐसे में बरसात के मौसम में स्कूल व आंगनबाड़ी भवन में बंद होने से क्षेत्र के ग्रामीण बरसात के मौसम में स्कूल व आंगनबाड़ी परिसर में धान सहित अन्य खेती करने के उपयोग करते है।


### डूबान क्षेत्र में है स्कूल भवन

ग्राम करगीडीह प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवन बांध के डूबान क्षेत्र में है। बरसात में स्कूल भवन में पानी भर जाने से पहाड़ स्थित इंदिरा आवास के एक कमरे में स्कूल का संचालन किया जा रहा है। स्कूल भवन डूबान क्षेत्र में होने कारण नया विद्यालय भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जल्द ही दूसरे जगह स्कूल भवन का निर्माण होगा।

-मनोज वर्मा
बीईओ लुण्ड्रा

## सावन के अंतिम सोमवार को बोल बम के जयकारों से गूंजेगा शिवपुरी धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



सावन के अंतिम सोमवार को शिवपुर धाम में हजारो कांवरियों द्वारा बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

- हजारों कांवरिया करेंगे बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक

सावन के पवित्र माह में भक्ति का अद्भुत संगम और शिव भक्तों का विराट उत्सव देखने को मिलेगा। उत्तरवाहिनी सारासोर नदी से पवित्र जल लेकर हजारों कांवरियों का जत्था बोल बम के जयकारों के साथ बाबा जलेश्वरनाथ के शिवपुरी धाम की ओर प्रस्थान करेंगे।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरिया संघ द्वारा कांवड़ यात्रा सावन माह के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को आयोजित किया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी क्षेत्र शिवमय होगा। बोलबम, जय शिव शंकर और हर हर महादेव के जयघोष के बीच कांवरियों की टोली बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा यात्रा को लेकर कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। गेरुआ वस्त्रधारी, कांवर को कंधे पर लेकर नंगे पांव पद यात्रा करेंगे। शिव चर्चा एवं भजन संध्या सरन लाल, अमृत साय, सोनू पैकरा, पुतरा लाल एवं साथियों द्वारा सारासोरो नदी तट पर किया जाएगा। जहां से श्रद्धालु जल उठाकर शिवपुरी धाम की पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। संघ ने कांवड़ यात्रा में अनुशासन बनाए रखने और समूह में रहने तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना से स्वयं सतर्क रहें के दिशा निर्देश दिए है। कांवड़ यात्रा में क्षेत्र के हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, मटिगढा, केवरा, दवनकरा, सेमराखुर्द, पोडी, दरहोरा, चन्दोरा, सरहरी, करंजवार, खोरमा, मानपुर, धरमपुर, प्रतापपुर सहित अन्य गांव के श्रद्धालु जुड़ेंगे।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

**अम्बिकापुर।** मनेन्द्रगढ़ स्थित विद्युत सब स्टेशन के सामने पोल के नीचे गंभीर हालत में पड़े सब स्टेशन में कार्यरत युवक की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजन ने युवक के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पेडारी निवासी भुनेश्वर यादव आ. शिव कुमार यादव (30 वर्ष) विद्युत सब स्टेशन में काम करता था। 22 जुलाई को विद्युत सब स्टेशन के सामने विद्युत पोल के नीचे पड़ा हुआ था। घटना की सूचना विद्युत कर्मचारियों ने परिजन को दी। परिजन युवक को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सात दिनों तक चले उपचार के बाद चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। गत दिन परिजन युवक को गंभीर हालत शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने युवक के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था तथा घटना की शिकायत मनेन्द्रगढ़ थाने में किए जाने की बात पुलिस को बताई।

## डेढ़ महीने से टावर खराब, पंचायत की सभी ऑनलाइन सुविधा ठप

**मानीचौक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी में मोबाइल उपभोक्ताओं को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से एक कम्पनी द्वारा लगाया गया टॉबर पिछले डेढ़ माह से बंद पड़ा है। एक ओर क्षेत्र के मोबाइल धारक तो परेशान है ही वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के सभी ऑनलाइन सेवा ठप हो गया है। टावर के खराब होने के कारण उपभोक्ताओं का महीने का रिचार्ज भी फिजूल हो जा रहा है साथ ही रिचार्ज का महीना खत्म होते ही पैसा खत्म हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले डेढ़ महीना से टॉवर बंद है जिसके लिए कंपनी के टोल फ्री नंबर में भी शिकायत किए है साथ ही फील्ड देखने वाले कर्मचारियों को भी सूचित है लेकिन आज तक इसमें कोई कार्यवाही नहीं हुआ जिससे ग्रामीण बेहद परेशान है। बताया जा रहा है इस टावर के रेंज तक कोई दूसरा टॉवर भी नई बताता है जिससे फोन कॉल भी नहीं हो रहा है। टावर स्थापित करने वाले इंजीनियर अमर ने बताया कि टॉवर में कुछ टेक्निकल खराबी आया है जिसके लिए बाहर से सामान आना है। मेंटेनेंस देखने वालों को सूचना कर दिया हूं सामान आते ही लगाकर सर्विस चालू कर दिया जाएगा।



## गायक कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से दी मो. रफी को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संगीत संघ व जिमनास्टिक क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गायक मोहम्मद रफी की पुण्य तिथि पर एक शाम मोहम्मद रफी के नाम का आयोजन कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया।

परिसर में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, मृगेंद्र सिंहदेव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, हिन्दी साहित्य परिषद के अध्यक्ष विनोद हर्ष, सुश्री वंदना दत्ता तथा आकाशवाणी के उद्घघोषक पद्मनाभ शर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने मो.रफी के गीतों को आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि मोहम्मद रफी के गीत आज भी लाखों करोड़ों युवाओं में संगीत की रूचि पैदा करते हैं तथा नई पीढ़ी मोबाइल के इस युग में भी पुराने गीतों को गुनगुना रही है। ऐसे आयोजन शहर में निरंतर होते रहना चाहिए। मृगेंद्र सिंहदेव ने जिमनास्टिक क्लब के संस्थापक यूनुस खान को याद किया तथा कहा कि वे मो.रफी की पुण्यतिथि पर हर वर्ष यह आयोजित करते थे। संस्था ने उनकी याद में कार्यक्रम को जारी रखा है। कार्यक्रम में संरक्षक लक्ष्मी जायसवाल, संतोष दास सरल, पद्मनाभ शर्मा, सताक्षी वर्मा, फरीद बेग, राधेश्याम मानिकपुरी, मुमताज, मृदुल वर्मा, शक्ति वर्मा, मुकुल रावत, मेघा रावत, सुप्रिया सिन्हा, कल्पना गुप्ता, राकेश मिश्रा, राजेश सिंह, हितेश, उन्मेष मिश्रा, रेखा देवांगन, राजकुमार देवांगन आदि ने मधुर गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से वाहवाही बटोरी।




## जागरूकता अभियान के तहत लटोरी पुलिस ने ग्राम सम्बलपुर में आयोजित कराई फुटबॉल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अनुजनगर की टीम बनी विजेता, फाइनल मैच में सम्बलपुर की टीम को हराया

समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लटोरी पुलिस ने अनूठी पहल की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्राम संबलपुर के हीराडबरी में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लटोरी पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल मनोरंजन या खेल नहीं,बल्कि इसके जरिए समाज में एक सशक्त संदेश देना है,स्पर्धा का फाइनल मैच अनुजनगर और संबलपुर टीम के बीच खेला गया। खेल की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया,अंतिम दौर में अनुजनगर की टीम ने जीत हासिल की।



अतिथियों द्वारा दोनों टीमों को शील्ड व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य किरण सिंह केराम,पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा, मंडल अध्यक्ष ठाकुर पैकरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन शर्मा, संबलपुर सरपंच कंवल बिहारी सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य हरि सिंह, नरेश चौधरी, चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। मौजूद अतिथियों ने इस दौरान कहा कि नशा युवाओं को अंधकार की ओर ले जाता है, जबकि खेल उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और सफलता की ओर ले जाते हैं। आयोजन को सफल बनाने में लटोरी से दिलेश्वर, अंबिका सिंह, सुनील एक्का, शोभनाथ कुशवाहा, संतोष जायसवाल, मनोज, भोला व अन्य सक्रिय रहे।






## सीटीओ के अभाव में बंद पड़ी बलरामपुर 10-12 खदान के कर्मियों को नई पदस्थापना चुनने का दिया गया विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कोल कर्मचारी अपनी इच्छा अनुसार सम्बंधित दूसरी खदानों में पदस्थापना पाने के लिए कर सकेंगे आवेदन, जहां पर वेकेन्सी उपलब्ध हो

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर 10-12 खदान एक बार फिर कोयला उत्पादन सीटीओ क्लियरेन्स न मिल पाने के कारण संचालन ठप्प रह गया, ऐसे में खान प्रबंधक ने अब कर्मचारियों को स्वेच्छा से नई खदानों में पदस्थापना चुनने का विकल्प दिया है।खान प्रबंधक द्वारा जारी आदेश के अनुसार खदान में पदस्थ सभी कर्मचारियों से कहा गया है कि वे अपनी इच्छानुसार नई खदान में स्थानांतरण के लिए आवेदन करें। उन्हें यह आवेदन तीन दिन के भीतर खान प्रबंधक कार्यालय में लिखित रूप में जमा करना होगा।

इसके आधार पर कर्मियों को आवश्यकतानुसार अन्य खदानों में समायोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि बलरामपुर 10-12 खदान में उत्पादन बंद होना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी खदान अप्रैल 2024 और फिर जुलाई से अगस्त 2024 तक पर्यावरणीय मंजूरी के अभाव में बंद रह चुकी है, एक बार फिर 1 जुलाई से यह खदान बंद कर दी गई है। इस खदान का संचालन लगातार अनिश्चितताओं से घिरा रहा है। 30 जून को इस खदान में अंतिम दिन करीब 350 टन कोयला उत्पादन हुआ था,यह खदान बिश्रामपुर क्षेत्र की प्रमुख खदानों में से एक मानी जाती है जहां वर्तमान में लगभग 450 कर्मचारी पदस्थ हैं। खदान बंद होने के बाद न केवल कोल उत्पादन पर असर पड़ा है बल्कि कर्मचारियों के भविष्य को लेकर भी संशय की स्थिति बन गई है। नई पदस्थापना की प्रक्रिया में कर्मचारियों को यह मौका दिया गया है कि वे अपनी पसंद की खदान चुन सकें, जहां वेकेन्सी उपलब्ध हो।हालांकि इस विकल्प के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आ रही हैं, परिवार, बच्चों की शिक्षा,रहन-सहन जैसे कारकों को देखते हुए स्थानांतरण सभी के लिए सहज नहीं होगा,कुछ कर्मचारियों ने बताया कि बार-बार खदान बंद होने से उनके मनोबल पर भी असर पड़ा है,वहीं कुछ कर्मचारी अन्य खदानों में स्थानांतरण को अवसर के रूप में देख रहे हैं,खासकर वे जो लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत थे,अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि बलरामपुर 10-12 खदान को कब तक जरूरी मंजूरी मिल पाएगी,इस खदान में भविष्य में फिर से उत्पादन शुरू कर पाएगी या इसे स्थायी रूप से बंद करने का रास्ता प्रशस्त होगा,इस पर प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।


तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.आशीश जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ.हेमन्त कुमार बी<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.सोनल गार्डिया<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ.भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>नाक कान गला रोग विशेषज्ञ | डॉ.नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.रोशन आरा<br>एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ | डॉ.हिमांशु गुप्ता<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ | डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल के तटबंध में डूबे खेत, प्रतिनिधियों ने लिया नुकसान का जायजा

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत कटकोना में एसईसीएल द्वारा बनाए तटबंध और नाली के वजह से लगभग 15 किसानों का खेत पूरी तरह से डूब गए है। खेत डूबने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए रविवार को पूर्व जनपद सदस्य व जनपद सदस्य प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार झारिया के नेतृत्व में वरिष्ट कांग्रेसी काशीम सिंह, पूर्व उप सरपंच सहदेव सिंह, करीमन राजवाड़े, देवीशंकर राजवाड़े, रवि सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, मनोज राजवाड़े, तिलेश पैकरा, अरुण सिंह, देवेन्द्र कुमार पैकरा, मनबोध विश्वकर्मा, विकास सिंह, विजय सिंह आदि प्रभावित गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकत कर खेतो का निरिक्षण किया व किसानो को लगातार लगभग 7-8 साल से हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए अधिकारियों को उनके समस्याओं को रख कर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### डीएव्ही स्कूलों में द्वितीय चरण में प्रवेश के लिए आवेदन 5 तक

**बलरामपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भंवरमाल, पतरातू एवं प्रेमनगर में द्वितीय चरण के प्रवेश हेतु आरटीआई की 25 प्रतिशत एवं शासकीय कोटा की 8 प्रतिशत सीट रिक्त है। कक्षा एलकेजी में डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 2 सीट, यूकेजी में डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 1 तथा शासकीय कोटा की 7, कक्षा 2री में डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 1, कक्षा 3री डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 1, कक्षा 4थी में डीएव्ही भंवरमाल में आरटीआई की एक व शासकीय कोटा की 1, डीएव्ही पतरातू में शासकीय कोटा की 5 तथा डीएव्ही प्रेमनगर में शासकी कोटा की 2, कक्षा 5वीं में डीएव्ही पतरातू में शासकीय कोटा की 2, डीएव्ही प्रेमनगर में शासकीय कोटा की 1, कक्षा 6वीं में डीएव्ही भंवरमाल में शासकीय कोटा की 1, डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 5 एवं शासकीय कोटा की 2, कक्षा 7 वीं में डीएव्ही भंवरमाल में आरटीआई की 1 एवं शासकीय कोटा की 6, डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 9 तथा शासकीय कोटा की 6, डीएव्ही प्रेमनगर में आरटीआई की 2 तथा शासकीय कोटा की 2, कक्षा 8वीं में डीएव्ही भंवरमाल में आरटीआई की 5 एवं शासकीय कोटा की 7, डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 8 तथा शासकीय कोटा की 7 एवं डीएव्ही प्रेमनगर में आरटीआई की 1 तथा शासकीय कोटा की 3 सीट रिक्त है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि उक्त रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की चयन प्रक्रिया के लिए आवेदन निर्धारित प्रारूप में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रामानुजगंज में 5 अगस्त तक कार्यालयीन समय में जमा किया जा सकता है।

### विभागीय परीक्षा आज से, 11 तक चलेगी

**बलरामपुर।** अधिकारियों के लिए विभागीय परीक्षा माह अगस्त 2025 का आयोजन 4 से 11 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए शासकीय बहुउद्देशीय सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय अम्बिकापुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विभागीय परीक्षा विद्यालय के कक्ष क्रमांक 4 में आयोजित की जाएगी। विभागीय परीक्षा में भाग लेने वाले अधिकारी निर्धारित तिथि में नियत स्थान पर उपस्थित होने कहा गया है।

### दुकान के सामने ग्रामीणों ने पकड़ा राशन लोड पिकअप, मचाया हंगामा

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत नमदगिरी की राशन दुकान से राशन लोड करते एक पिकअप को पकड़ लिया तथा दुकान संचालक पर हितग्राहियों के राशन की कालाबाजारी करने का आरोप लगा जमकर हंगामा मचाया। ग्रामीणों द्वारा हंगामा मचाने के बाद दुकान संचालक पिकअप में लोड किए खाद्यान्न को उतारकर दुकान में रखवाया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कलेक्टर एवं खाद्य अधिकारी से की है। रविवार को ग्राम नमदगिरी स्थित राशन दुकान संचालक द्वारा पिकअप पर लगभग 10 बोरी चना, 4 बोरी चावल एवं 2 बोरी शक्कर लोड किया गया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही कुछ युवा पहुंच गए तथा दुकान संचालक पर गरीबों के राशन की कालाबाजारी करने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगे तथा पिकअप को घेर लिया। युवाओं का शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए आक्रोश जताने लगे। ग्रामीणों ने तत्काल मामले की सूचना अधिकारियों को दी। ग्रामीणों की नाराजगी देख दुकान संचालक ने राशन को पिकअप से उतारकर दुकान में रखवाया तब ग्रामीण शांत हुए। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## पेज 1 के शेष...

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म ...

करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। 22 मई 2024 को आरोपी ने अंतिम बार नाबालिग का शोषण किया था। छात्रा द्वारा इस बात की जानकारी 5 जुन 2024 को अपनी मां को दी गई जिसके बाद परिजन द्वारा मामले की शिकायत मणिपुर पुलिस से की गई थी। इस मामले में जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। नाबालिग से दुष्कर्म और उसका वीडियो फोटो बनाने के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में 2 अगस्त को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक विद्याभूषण श्रीवास्तव की दलील के बाद कोर्ट ने युवक को दोषी माना। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी युवक संजू लकडा को धारा 376 (2)(ढ) के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास, 1 हजार रुपए अर्थदंड, राशि जमा नहीं करने पर 1 साल के कारावास, धारा 376(3) के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास, 20 हजार रुपए अर्थदंड, राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के कारावास, 66 डी आईटी एक्ट के तहत 2 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड राशि जमा नहीं करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास एवं पोक्सो एक्ट 2012 की धारा 5(ठ)/6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास, 20 हजार रुपए अर्थदंड व राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने नाबालिग को क्षतिपूर्ति योजना के तहत 5 लाख रुपए की क्षति पूर्ति राशि प्रदान करने की अनुशंसा की है।

## पिछले साल की संपूर्ण वर्षा के निकट पहुंचा आंकड़ा

# संभाग मुख्यालय में अब तक सामान्य से 359 मिमी अधिक वर्षा, जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। सीमावर्ती पूर्वी यूपी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण को खाड़ी से मिल रही नमी उसे लगातार ताकत दे रही है। परिसंचरण के प्रभाव से यूपी एवं झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हो रही है। साथ ही पूरा उत्तर छत्तीसगढ़ परिसंचरण से प्रभावित है जबकि मध्य एवं दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा का कम प्रभाव है। मौसम विज्ञानी मंगलवार तक चक्रवाती परिसंचरण के प्रभावी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

**खास बात**

- 1 जून के बाद 1027 मिमी वर्षा रिकॉर्ड, पिछले साल चार महीने में हुई थी 1081 मिमी बारिश

सीमावर्ती झारखण्ड के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण वर्तमान में सीमावर्ती उत्तरप्रदेश के ऊपर सक्रिय है। रविवार को परिसंचरण के कमजोर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन मानसून द्रोणिका परिसंचरण समाहित होकर बिहार के मुजफ्फरपुर से खाड़ी तक विस्तारित है जिसके कारण पर्याप्त नमी उपलब्ध होने के कारण परिसंचरण अधिक ताकतवर हो जा रहा है। यही कारण है कि शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में अच्छी वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार लगातार चल रही पश्चिम दिशा की हवा परिसंचरण की राह में बाधा उत्पन्न कर रही है तथा उसे आगे नहीं बढ़ने दे रही है। मानसून द्रोणिका अभी भी अपनी सामान्य स्थिति से काफी ऊपर खिसकी हुई है लेकिन परिसंचरण को लगातार खाड़ी से नमी मिल रही है। द्रोणिका के ऊपर पश्चिमी हवा चल रही है वही नीचे खाड़ी की नमीयुक्त पूर्वी हवा चल रही है साथ ही उत्तरप्रदेश के ऊपर सक्रिय चक्रवात भी परिसंचरण को शक्ति प्रदान कर रहा है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती परिसंचरण के सोमवार तक प्रभावी रहने एवं शहर सहित पूरे संभागभर में अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। रविवार को दिन में अपराह्न 2 बजे तक बारिश रूकी रही। इस दौरान धूप भी निकली। अपराह्न 2 बजे के बाद बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही अंधेरा छा गया तथा रूक-रूक कर बारिश का क्रम देर रात तक चलता रहा। मौसम विज्ञानी सोमवार को धूप की अवधि बढ़ने तथा वर्षा की रफ्तार कम होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले 24 घंटों में 84.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### अब तक 1081 मिमी वर्षा

शहर में जून में औसत 211.0 मिमी एवं जुलाई में 398.1 मिमी वर्षा होती है। इस बार जून में 239.8 मिमी एवं जुलाई में 662.9 मिमी कुल 902.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अगस्त के तीन दिनों में 125.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। शहर में अब तक 1027.8 मिमी वर्षा हुई है जो पूरे मानसून सत्र की वर्षा का 84.2 फीसदी है। पिछले साल चार महीने के मानसून सत्र में कुल 1081 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से हो रही वर्षा की रफ्तार इसी तरह रही तो 24 घंटे के भीतर पिछले साल हुई पूरी मानसूनी वर्षा का आंकड़ा पूरा होने की संभावना है। शहर में अब तक हुई बारिश औसत बारिश का 158 फीसदी है। दूसरे शब्दों में अब तक शहर में औसत बारिश से डेढ़ गुना से अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विज्ञानी आगे भी अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। आगे भी बारिश की यही रफ्तार रही तो इस साल की बारिश अपना रिकॉर्ड कायम कर सकती है।

### इन क्षेत्रों में भारी वर्षा

चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से संपूर्ण उत्तर छत्तीसगढ़ में पिछले तीन दिनों से लगातार वर्षा हो रही है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे के भीतर बलरामपुर जिलान्तर्गत डौरा कोचली में 137.0 मिमी, रामचंद्रपुर में 127.0 मिमी, चलगली में 95.6 मिमी, कुसमी में 66.0 मिमी, सूरजपुर जिलान्तर्गत लटोरी तहसील में 69.4 मिमी, सूरजपुर में 71.2 मिमी वहीं सरगुजा जिलान्तर्गत अम्बिकापुर में 84.6 मिमी, लुण्ड्रा में 54.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती परिसंचरण के कमजोर पड़ने के बाद भी स्थानीय प्रभाव से दोपहर बाद बादलों की सक्रियता बढ़ने एवं गरज-चमक के साथ छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

## ट्रक की टक्कर से इनोवा घुसी दुकान में, शेड व बाइक क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात उदयपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर एक इनोवा कार सड़क किनारे दुकान में घुस गई। अनियंत्रित कार की टक्कर से तीन बाइक सहित दुकान का शेड क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही कि कार की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

शनिवार को रात्रि 8 बजे उदयपुर पंचायत भवन के पास दो वाहनों की टक्कर के बाद बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमजे 5713 का चालक तेज रफ्तार से बिलासपुर की ओर जा रहा था। पीछे चल रहे इनोवा क्रमांक सीजी 10 वी 7239 का चालक तेज रफ्तार से आगे चल रहे ट्रकों को ओवरटेक करने के बाद आगे आ गया तथा अचानक रफ्तार धीमी कर दी। इस दौरान तेज रफ्तार से ट्रक चला रहा चालक कुछ समझ पाता कार ट्रक की चपेट में आ गई तथा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे संचालित बिरयानी दुकान को टक्कर मारते हुए पास की बाइक रिपेयरिंग दुकान में घुस गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी दुकान से टकराने के बाद सामने खड़ी तीन बाइक को टक्कर मारते हुए दुकान में घुस गई। कार की टक्कर से तीन बाइक व दुकान का शेड क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत थी इस दौरान कोई व्यक्ति कार की चपेट में नहीं आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक नशे में था तथा ठीक तरह से बात तक नहीं कर पा रहा था।

रविवार को दुर्घटनाकारी कार को ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला गया। दुर्घटना में दोनों वाहनों एवं दुकान संचालक को भारी क्षति हुई है। दुकान संचालक ने कार चालक से क्षति का भुगतान कराने की मांग पुलिस से की है। हालाकि पुलिस द्वारा अभी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

## लोग संकेतक लगाकर सड़क पर बने खतरनाक गड्ढों से कर रहे आगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के भारत माता चौक से दरिमा रोड तक की सडक बेहद जर्जर हो चुकी है। महामाया पहाड़ से उतरने वाले पानी की निकासी नहीं होने के कारण सड़क अब बची नहीं है और जगह जगह गड्ढे हो गए है। सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना का कारण बन रहे है। ऐसे में अब लोग खुद ही संकेतक बोर्ड और झाडियां रखकर लोगों को खतरे के प्रति आगाह कर रहे है।

- भारत माता चौक से दरिमा मोड़ तक स्थिति बेहद खराब

बता दें कि शहर के भारत माता चौक से दरिमा रोड डीहिलाक्स पब्लिक स्कूल के आगे तक सड़क की हालत बेहद जर्जर हो गई है। इस मार्ग पर महामाया पहाड़ से बारिश का पानी काफी तेजी से उतरता है लेकिन अब पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। पानी निकासी के प्राकृतिक मार्ग को बाधित कर दिया गया है जबकि नाला को बंद कर कब्जा कर लिया गया है। यही वजह है कि बारिश के समय बारिश का पानी सड़क पर जमा होता है और भारी वाहनों के आवागमन के कारण सड़क की हालत बेहद जर्जर हो गई है। सडक पर जल जमाव के कारण गड्ढे हो गए है। कई जगह सड़क को काटकर पानी की निकासी की गई है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण आवागमन करना खतरनाक हो गया है। फिलहाल इस मार्ग पर चलने वालों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिलने वाली। ऐसे में लोगों को दुर्घटना से बचाने के लिए लोगों ने खुद ही सड़क पर संकेतक बोर्ड लगाकर व झाडियां रखकर गड्ढों व खतरे के प्रति आगाह कर रहे है ताकि कोई हादसें का शिकार ना हो।



### खेत में जहरीला पदार्थ मिलाकर रखे भूसा खाने से मवेशी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** खेत में जहरीला पदार्थ व महुआ, यूरिया मिलाकर रखो भूसा को खाने से एक गाय व बछड़ा की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक को सूचना मिला कि ग्राम झलरिया जंगल किनारे एक गाय व बछड़ा संदिग्ध हालत में मृत पड़े है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों से पूछताछ पश्चात मृत मवेशियों को पीएम के लिए भेज दिया। जांच के दौरान शव से कुछ दूर स्थित द्वारिका यादव के मक्का फसल के खेत में महुआ, भूसा, यूरिया एवं जहरीला पदार्थ रखा था। जिसे खाने से मवेशियों की मौत होने की संभावना जताई। पुलिस ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में लगभग 10 से 20 स्थान पर जहरीला भूसा रखा पाया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 325 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संस्कार बने अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा सालासर बालाजी धाम वीआईपी रोड़ रायपुर में आयोजित किया गया।

दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा बैठक-शपथ ग्रहण समारोह, प्रांतीय सम्मेलन-सम्मान समारोह 27 व 28 जुलाई को राजधानी रायपुर में संपन्न हुआ। दो दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व आईएएस एवं प्रदेश के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी के साथ ही समाज के प्रमुख वरिष्ठों के हाथों सूरजपुर के नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष संस्कार अग्रवाल को महाराजा अग्रसेन भगवान की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया गया। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष संस्कार अग्रवाल ने कहा कि कहा कि वे जल्द ही पूरी मजबूती के साथ समाज के सभी युवाओं को एक साथ जोड़ कर जिला भर में सभी जगह बैठकों के माध्यम से अपनी प्रभावी युवा कार्यकारिणी टीम की घोषणा भी करेंगे। जो समाज के साथ-साथ सभी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी। इस दौरान सम्मेलन के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन, चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया, राकेश अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष पवन अग्रवाल, संभागीय महासचिव सुनील अग्रवाल, सूरजपुर अग्रवाल सभा अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेश महलवाला, मुकेश गर्ग, प्रवेश गोयल, अजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अंशुल गोयल, अंकुर अग्रवाल, गौरीश जिंदल, सुमित मित्तल सहित अन्य उपस्थित थे। कहा कि वे जल्द ही पूरी मजबूती के साथ समाज के सभी युवाओं को एक साथ जोड़ कर जिला भर में सभी जगह दौरा और बैठकों के माध्यम से अपनी प्रभावी युवा कार्यकारणी टीम 2025 की घोषणा भी करेंगे। जो समाज के साथ-साथ सभी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी।



## संपूर्णता अभियान में आकांक्षी शंकरगढ़ विकासखंड अव्वल

**बलरामपुर।** ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में समग्र विकास सुनिश्चित करने सामाजिक विकास की दिशा में सतत प्रयासरत बलरामपुर-रामानुजगंज जिला राज्य स्तर पर अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए गौरवान्वित हुआ है। संपूर्णता अभियान के अंतर्गत रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जिले के शंकरगढ़ विकासखंड को समग्र प्रदर्शन में स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की ओर से जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने मंच पर उपस्थित होकर यह सम्मान प्राप्त किया। बता दें कि संपूर्णता अभियान 2 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में चलाया गया। इस अभियान में जिले ने आकांक्षी विकासखंड अंतर्गत प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास किया गया। जिला प्रशासन ने शासन की प्राथमिकताओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर तक योजनाओं की गहन मॉनिटरिंग की गई। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक टीम ने मिलकर समन्वित कार्य किया। गांव गांव में अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया, कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संपन्न किया गया। जिसमें सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स ने विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाई। सभी के समन्वित प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है कि शंकरगढ़ विकासखंड सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सामने आया। इन तीन माह की अवधि में शंकरगढ़ विकासखण्ड ने चिन्हित 6 इंडिकेटर अंतर्गत 517 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, 7775 का मधुमेह जांच, 7775 लोगो का उक्त रक्तचाप जांच, 3248 गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार, 906 स्वयं सहायता समूहों को चक्रिय निधि, 1167 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण कर शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बलरामपुर रामानुजगंज जिले में संपूर्णता अभियान के समग्र संचालन हेतु जनपद सीईओ संजय दुबे, एएनसी पंजीकरण, मधुमेह स्क्रीनिंग, और हाईपरटेंशन स्क्रीनिंग स्वास्थ्य संकेतकों पर कार्य के लिए खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आफताब अहमद, आजीविका मिशन से ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सुश्री सूचना प्रभाती एक्का, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना अंतर्गत क्रियान्वयन के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमाकांत सिंह, गर्भवती महिलाओं की पहचान, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी,पोषण ट्रैकर रिपोर्टिंग के लिए परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राहुल सिंह को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

- राज्य स्तरीय समारोह में सीएम ने दिया स्वर्ण पदक



## भटगांव पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हार जीत का दाव लगा रहे 8 जुआरियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्र में गश्त कर रहे भटगांव पुलिस ने ग्राम अघिना मुख्य मार्ग पर अलग-अलग जगह स्ट्रीट लाइट के नीचे हार जीत का दांव लगा रहे आठ जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार सलका अघिना क्षेत्र में गश्त कर रहे भटगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अघिना मुख्य मार्ग किनारे स्ट्रीट लाइन के नीचे अलग-अलग जगह पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक फड़ में जुआ खेल रहे ग्राम कोटेया के महामाया प्रसाद आ. शिवा राम (50 वर्ष), मुनेश्वर राजवाडे आ. बनवारी लाल उम्र (32 वर्ष), सलका के राकेश कुमार पाण्डेय आ. रामशरण (37 वर्ष) व कोट लमगांव के अतीश तिर्की आ.जगदेव (32 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 1140 रूपये जब्त किया। इसी प्रकार दूसरे फड़ से ग्राम करकोटी के लवकेश कुशवाहा आ. रामबिलास (45 वर्ष), अघिना के देवलाल उर्फ लल्लू आ. गंगा राम (45 वर्ष), कोटेया के पूनम चंद आ. सालिक राम (32 वर्ष) व राजा राम सिंह आ. गंगा राम (35 वर्ष) को पकड़ फड़ से 52 पत्ती सहित 19 सौ रूपए जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

## जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक लिखित भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। 14 केन्द्रों में सुबह 11 बजे से 1.15 बजे तक चली परीक्षा में अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। परीक्षा में कुल 6423 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5469 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं 954 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के संचालन हेतु सरगुजा जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में यह परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खासी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर सहित अन्य प्रकार की जांच प्रक्रियाओं से गुरजना पड़ा।

- 14 परीक्षा केंद्रों में 5469 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशिः-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411